CSIR-CSIO

सीएसआईआर-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन
(वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
सेक्टर-30-सी, चंडीगढ़-160 030 (भारत)
www.csio.res.in

CSIR-CENTRAL SCIENTIFIC INSTRUMENTS ORGANISATION
(Council of Scientific & Industrial Research)
SECTOR-30-C, CHANDIGARH-160 030 (India)
www.csio.res.in

## विज्ञापन संख्या 07/2026

**विज्ञापन की तिथि: 05.05.2026**
**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 22.05.2026 (शाम 5:00 बजे तक)**

**क.** सीएसआईआर-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (CSIR-CSIO), चंडीगढ़, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के अंतर्गत एक प्रमुख संस्थान है। यह विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में मूलभूत एवं अनुप्रयुक्त प्रकृति के बहु-विषयक अनुसंधान एवं विकास (R&D) कार्यक्रमों में संलग्न है, जिसमें मापन विज्ञान एवं उपकरण प्रौद्योगिकी पर विशेष बल दिया जाता है। संगठन कृषि उपकरण, जैव-चिकित्सीय उपकरण, ऑप्टिकल उपकरण एवं प्रणालियाँ, भू-विज्ञान उपकरण, सटीक यांत्रिक प्रणालियाँ, विश्लेषणात्मक तकनीकें, अनुसंधान सहायता सुविधाएँ तथा कम्प्यूटेशनल उपकरण आदि क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए समर्पित है। सीएसआईआर-सीएसआईओ का एक केंद्र चेन्नई में स्थित है।

**ख.** संस्थान निम्नलिखित अस्थायी पद के लिए उत्कृष्ट, परिणामोन्मुखी एवं अनुभवी पेशेवरों की तलाश कर रहा है। यह पद प्रारंभ में छह (06) माह की अवधि के लिए होगा, जिसे कार्य/विशिष्ट आवश्यकताओं तथा अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर यथापेक्षा बढ़ाया जा सकता है।

| क्रम संख्या | पद | पदों की संख्या | पात्रता मानदंड | वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कंसल्टेंट (कैंटीन) | 01 (एक) | • आवेदक केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी निकाय से वेतन स्तर-5 से सेवानिवृत्त हुआ होना चाहिए।<br>• जो अभ्यर्थी 30.04.2026 तक सेवानिवृत्त हो चुके हैं, वे उक्त पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।<br>• अभयर्थी की आयु दिनांक 22.05.2026 तक 63 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। | सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त वेतन से मूल पेंशन घटाकर निर्धारित की गई एक निश्चित मासिक राशि देय होगी। इस प्रकार निर्धारित पारिश्रमिक की राशि अनुबंध अवधि के दौरान अपरिवर्तित रहेगी। अनुबंध अवधि के दौरान कोई वार्षिक वेतन वृद्धि/प्रतिशत वृद्धि नहीं दी जाएगी। |

**कार्य आवश्यकताएँ**

**पदधारी को निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करने में सक्षम होना चाहिए -**

- कूपन बिक्री का हिसाब करना तथा उसका दैनिक रिकॉर्ड रखना।
- कूपन एवं बिल के आधार पर दैनिक बिक्री का चार्ट तैयार करना।

- स्टॉक रजिस्टर में सामग्री की प्राप्ति/खपत का विवरण संबंधित कॉलम में दर्ज करना।
- कैंटीन के सुचारु संचालन हेतु स्टोर का प्रबंधन करना।
- संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आदेशों के अनुसार सरकारी भोजन की व्यवस्था करना।
- कैंटीन के दैनिक उपयोग हेतु आवश्यक वस्तुओं की खरीद/प्राप्ति की व्यवस्था करना।
- उपरोक्त के अतिरिक्त, पदधारी को निम्नलिखित कार्य करने में सक्षम होना चाहिए:-
  - सेमिनार एवं संगोष्ठियों के दौरान नाश्ता, भोजन, हाई-टी एवं रात्रिभोज की विशेष व्यवस्था करना।
  - ITEC/SCAPP कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष में तीन बार आने वाले विदेशी अतिथियों के खानपान की व्यवसथा।
  - संस्थान में आयोजित कार्यक्रमों (जैसे सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह आदि) में चायपान की व्यवस्था करना।

**<u>सामान्य जानकारी</u>:**

1. केवल पात्र भारतीय नागरिक, जिनके पास संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव, दक्षता, विशेषज्ञता एवं गहन ज्ञान हो, आवेदन कर सकते हैं।
2. यह पद प्रारंभ में छह (06) माह की अवधि के लिए हैं, जिसे अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।
3. संस्थान बिना किसी कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/पुनर्निर्धारित/रद्द या स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में संगठन का निर्णय अंतिम होगा तथा इस पर कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।
4. केवल चयनित (शॉर्टलिस्टेड) अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों की सूची संगठन की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी तथा आवेदन पत्र में दिए गए ईमेल के माध्यम से उन्हें सूचित किया जाएगा। अलग से कोई लिखित या डाक द्वारा सूचना नहीं भेजी जाएगी और इस संबंध में किसी प्रकार का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से सीएसआईआर-सीएसआईओ की वेबसाइट और अपने ई.मेल को देखते रहें।
5. पात्रता, आवेदन की स्थिति, डाक विलंब, साक्षात्कार/चयन प्रक्रिया के परिणाम या साक्षात्कार/चयन के लिए न बुलाए जाने संबंधी किसी भी प्रकार के पत्राचार या पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. साक्षात्कार में भाग लेने या कार्यभार ग्रहण करने के लिए किसी प्रकार का टीए/डीए देय नहीं होगा।
7. सक्षम प्राधिकारी, असाधारण रूप से योग्य अभ्यर्थियों के मामले में अनुभव एवं आयु मानदंडों में छूट प्रदान कर सकते हैं।

**<u>नियम एवं शर्तें</u>:**

**1. नियुक्ति अवधि**

नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी आधार पर होगी और प्रारंभ में 06 (छह) माह की अवधि के लिए होगी। अल्पकालिक अनुबंध की अवधि, अभ्यर्थी के प्रदर्शन या संगठन की कार्यात्मक आवश्यकता के आधार पर, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से बढ़ाई जा सकती है।

**2. चयन प्रक्रिया**

पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार चयन समिति द्वारा सीएसआईआर-सीएसआईओ, सैक्टर 30-सी, चंडीगढ़ में लिया जाएगा। चयन समिति, साक्षात्कार के पश्चात पैनल में शामिल करने हेतु अभ्यर्थियों का चयन करेगी।

**3. मकान किराया भत्ता**

मकान किराया भत्ता (HRA) देय नहीं होगा।

**4. परिवहन भत्ता**

निवास स्थान और कार्यस्थल के बीच आवागमन हेतु परिवहन भत्ते के रूप में एक उपयुक्त एवं निश्चित राशि दी जाएगी, जो सेवानिवृत्ति के समय लागू दर से अधिक नहीं होगी। निर्धारित की गई यह राशि नियुक्ति अवधि के दौरान अपरिवर्तित रहेगी। हालांकि, परामर्शदाता के रूप में नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को, यदि कोई आधिकारिक यात्रा होती है, तो सेवानिवृत्ति के समय की उनकी पात्रता के अनुसार टीए/डीए प्रदान किया जा सकता है।

**5. अनुपस्थिति की छुट्टी**

पूरी की गई सेवा के प्रत्येक माह के लिए 1.5 दिन की दर से अनुपस्थिति की सवेतन छुट्टी प्रदान की जाएगी। कैलेंडर वर्ष से अधिक छुट्टी का संचयन अनुमेय नहीं होगा।

**6. कार्यालय समय एवं कार्य घंटे**

सेवानिवृत्त कर्मचारियों की नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर होगी। समस्त कार्यदिवसों में कार्य समय प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक होगा, जिसमें आधे घंटे का भोजन अवकाश शामिल होगा। अनुबंध की अवधि के दौरान उन्हें कोई अन्य कार्य/नियुक्ति ग्रहण करने की अनुमति नहीं होगी। आवश्यकता होने पर उन्हें शनिवार/रविवार अथवा अन्य राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी बुलाया जा सकता है।

**7. स्रोत पर कर कटौती**

आयकर अथवा अन्य लागू करों की कटौती वर्तमान में लागू नियमों के अनुसार भुगतान से पूर्व स्रोत आय पर की जाएगी, जिसके लिए कार्यालय द्वारा टीडीएस प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

**8. डेटा एवं दस्तावेजों की गोपनीयता**

इस नियुक्ति के अंतर्गत संकलित डेटा तथा तैयार की गई सभी सामग्रियों के बौद्धिक संपदा अधिकार इस कार्यालय के पास रहेंगे। कोई भी व्यक्ति इस कार्य के दौरान प्राप्त किसी भी डेटा, सांख्यिकी, अभिलेख या जानकारी का उपयोग, प्रकाशन,

प्रकटीकरण या किसी तृतीय पक्ष को हस्तांतरण, कार्यालय की पूर्व लिखित अनुमति के बिना नहीं करेगा। अनुबंध की समाप्ति से पूर्व तथा अंतिम भुगतान से पहले, संबंधित व्यक्ति को सभी अभिलेख कार्यालय को सौंपने होंगे।

**9. सेवा समाप्ति**

कार्यालय द्वारा 15 दिन का नोटिस देकर बिना कोई कारण बताए यह नियुक्ति किसी भी समय समाप्त की जा सकती है। यदि नियुक्त व्यक्ति स्वयं कार्य छोड़ना चाहता/चाहती है, तो उसे 15 दिन का नोटिस देना होगा, जिसे घटाया या बढाया जा सकता है।

**10. हित विरोध**

इस कार्यालय में नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारी किसी भी परिस्थिति में कार्यालय के हित के प्रतिकूल होने वाले मामलों में किसी अन्य को प्रतिनिधित्व, राय या सलाह नहीं देगा।

**आवेदन कैसे करें :**

1. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभयर्थी निर्धारित आवेदन प्रपत्र में आवेदन करें। आवेदन के साथ योग्यता, अनुभव एवं अन्य विवरणों के समर्थन में प्रमाणपत्रों/डिग्री/प्रमाण पत्र/पीपीओ आदि की स्व-प्रमाणित प्रतियां, जहाँ लागू हों, संलग्न करनी होंगी, साथ ही नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो भी लगाना होगा।
2. आवेदन निर्धारित आवेदन प्रारूप तथा सहायक प्रारूपों (जैसे सारांश/सिनॉप्सिस एवं कार्य विवरण प्रारूप आदि) के अनुसार ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए। निर्धारित प्रारूप में न होने वाले तथा सिनॉप्सिस शीट संलग्न न होने वाले आवेदन सीधे निरस्त कर दिए जाएंगे।
3. विधिवत भरा हुआ सिनॉप्सिस (.pdf प्रारूप में) ई-मेल के माध्यम से recruitment.csio@csir.res.in पर भी भेजना अनिवार्य है।
4. अधूरा आवेदन अथवा बिना आवश्यक संलग्नकों (जैसे डिग्री/प्रमाण पत्र/अंकतालिका/अनुभव प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित प्रतियां, फोटो एवं हस्ताक्षर के बिना) वाला आवेदन सीधे निरस्त कर दिया जाएगा।
5. पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन, सभी स्व-प्रमाणित प्रमाण पत्रों की प्रतियों सहित, एक लिफाफे में “APPLICATION FOR THE POST OF CONSULTANT (CANTEEN)” लिखकर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्न पते पर भेजें :

**वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक**
**सीएसआईआर-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन**
**सेक्टर 30-सी**
**चंडीगढ़ - 160030**

**आवश्यक दस्तावेज़:**

आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है:

a) सेवानिवृत्ति अधिसूचना की प्रति
b) PPO/नियोक्ता प्रमाणपत्र की प्रति
c) जन्म तिथि प्रमाणपत्र
d) शैक्षणिक योग्यता के समर्थन में प्रमाणपत्र
e) पिछले 10 वर्षों के दौरान सेवा में किए गए कार्य/कार्य क्षेत्र का विवरण
f) आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की प्रति
g) बैंक खाते की पासबुक की प्रति

किसी भी प्रकार की अंतरित पूछताछ अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

सभी अद्यतन सूचनाएं समय-समय पर केवल CSIR-CSIO की आधिकारिक वेबसाइट https://www.csio.res.in पर प्रदर्शित की जाएंगी। :

**वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक**
**सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़**